भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या-2441
उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

**बिहार में केंद्रीय विद्यालय**

†2441. **डॉ. आलोक कुमार सुमन:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार बिहार में केंद्रीय विद्यालयों के किराये के आवास के लिए भारी राशि का भुगतान कर रही है; और
(ख) यदि हाँ, तो विगत दस वर्षों के दौरान बिहार के केंद्रीय विद्यालयों में किराये के आवास के लिए वर्षवार कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): नए केन्द्रीय विद्यालय (केवि) खोलने के लिए प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें स्थायी भवन के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि निशुल्क प्रदान करने और स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय चलाने के लिए उपयुक्त किराया मुक्त अस्थायी आवास उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल होगी।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में, बिहार राज्य में 51 केवि कार्यात्मक हैं, जिनमें से 17 केवि बिहार सरकार/प्रायोजक प्राधिकरणों द्वारा प्रदान किए गए किराया मुक्त अस्थायी भवन/आवास में कार्यात्मक हैं। बिहार राज्य में केविसं द्वारा किसी भी केवि के लिए भवन/आवास के लिए कोई किराया नहीं दिया जा रहा है। केन्द्रीय विद्यालयों के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के बारे में बिहार सरकार को बार-बार स्मरण कराया जाता है।

*****